पहुँच विहीन ग्रामों के लिये ‘डॉक्टर तुमचो दुआर’कार्यक्रम का मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

6 जून, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केशकाल विकासखंड के ग्राम बेड़मा में आयोजित कार्यक्रम में ज़िला प्रशासन की नवीन पहल ‘डॉक्टर तुमचो दुआर’का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत ज़िले के बड़ेराजपुर एवं फरसगाँव विकासखंडों के पहुँच विहीन ग्रामों में चिकित्सा सुविधाएँ टेलीमेडिसिन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिये एक कॉल सेंटर की स्थापना और कॉल सेंटर में 24 घंटे कर्मचारियों की ड्युटी लगाई जाएगी।
- कॉल सेंटर से कॉल प्राप्त करते ही डॉक्टर, एएनएम एवं अन्य कर्मचारियों से बने दल को सूचित किया जाएगा। डॉक्टर द्वारा बीमार व्यक्ति एवं उनके परिजनों से चर्चा कर टेली कॉन्फ्रेंसिंग से परामर्श दिया जाएगा एवं गंभीर रोगी जिन्हें तुरंत इलाज की आवश्यकता होगी उनके लिये वाहन के साथ डॉक्टर एवं उनका दल घर पहुँचकर रोगी का इलाज करेंगे। आवश्यक होने पर उन्हें अस्पताल लाकर उपचार किया जाएगा।
- विदित है कि ज़िले में दूरस्थ इलाकों में उपचार हेतु हाट बाज़ार क्लिनिक योजना पहले ही सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। ऐसे में ‘डॉक्टर तुमचो दुआर’द्वारा ज़िले के पहुँच विहीन ग्रामों में भी सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा टेलीमेडिसिन के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।
- इस योजना के सफल होने पर अन्य विकासखंडों में भी योजना का प्रसार किया जाएगा। यह योजना शासन की सबके लिये समान न्याय, समान सुविधाओं की पहल पर आधारित है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-flags-off-doctor-tumcho-duar-program-for-inaccessible-

villages